[This question paper contains 2 printed pages.]

Your Roll No.....

Sr. No. of Question Paper : 3208 **D**

Unique Paper Code : 2051001002

Name of the Paper : Hindi Aupcharik Lekhan (B) (AEC)

Name of the Course : **Common Prog. Group**

Semester : I

Duration : 2 Hours Maximum Marks : 60

छात्रों के लिए निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।
2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. भारत में कार्यालयी हिंदी की वर्तमान स्थिति पर लेख लिखिए। (12)

अथवा

व्यावसायिक हिंदी से आप क्या समझते हैं? उदाहरण देकर समझाइए।

2. टिप्पण की परिभाषा देते हुए अच्छे टिप्पण की विशेषताएँ लिखिए। (12)

P.T.O.

अथवा

प्रतिवेदन किसे कहते हैं? इसे लिखते समय किन-किन बातों का ध्यान देना चाहिए।

3. किसी सरकारी कार्यालय में लिपिक की नौकरी हेतु स्ववृत्त तैयार कीजिए। (12)

अथवा

'सूचना का अधिकार अधिनियम' किसे कहते हैं? इसके प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डालिए।

4. अपने मोहल्ले में वर्षा के कारण उत्पन्न हुई जल-भराव की समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट करने के लिए नगर पालिका के स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए। (12)

अथवा

सूरजकुंड मेला इस बार 'उत्तराखंड राज्य' पर आधारित है - इस पर एक प्रेस विज्ञप्ति तैयार कीजिए।

5. किन्हीं दो विषयों पर टिप्पणी लिखिए: (6+6)

(क) अर्ध सरकारी पत्र

(ख) प्रारूपण की विशेषताएँ

(ग) विज्ञप्ति का महत्त्व

(घ) कार्यालयी हिंदी का स्वरूप

(1000)

[This question paper contains 2 printed pages.]

**Your Roll No.....**

**Sr. No. of Question Paper : 3258** **A**

Unique Paper Code : 2051001002

Name of the Paper : Hindi Aupcharik Lekhan (B) (AEC)

Name of the Course : **Common Prog. Group**

Semester : I

Duration : 2 Hours Maximum Marks : 60

छात्रों के लिए निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।
2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

1. कार्यालयी हिंदी का स्वरूप, उद्देश्य और क्षेत्र का परिचय दीजिए। (12)

अथवा

व्यावसायिक हिंदी का बाज़ार में क्या महत्त्व है? अपने विचार लिखिए।

2. प्रारूपण का सामान्य परिचय देते हुए प्रारूपण करते समय ध्यान देने योग्य महत्त्वपूर्ण बातों (तथ्यों) को रेखांकित कीजिए। (12)

P.T.O.

अथवा

विज्ञप्ति किसे कहते हैं? विज्ञप्ति का एक प्रारूप तैयार कीजिए।

3. स्ववृत्त लेखन क्या है? स्ववृत्त तैयार करते समय किन-किन बातों का समावेश होना चाहिए? (12)

अथवा

सूचना के अधिकार के महत्व पर विचार व्यक्त कीजिए।

4. अपने क्षेत्र में पेड़-पौधों के हो रहे अनियंत्रित कटाव को रोकने के लिए जिलाधिकारी को एक प्रार्थना पत्र लिखिए। (12)

अथवा

दिल्ली में हुए मैराथन के लिए एक प्रेस विज्ञप्ति तैयार कीजिए।

5. किन्हीं दो विषयों पर टिप्पणी लिखिए : (6+6)

(क) टिप्पण की विशेषताएँ

(ख) प्रतिवेदन का महत्त्व

(ग) सामान्य हिंदी और कार्यालयी हिंदी

(घ) व्यावसायिक पत्र के प्रकार

[This question paper contains 2 printed pages.]

**Your Roll No.....**

**Sr. No. of Question Paper : 3257** **A**

Unique Paper Code : 2051001001

Name of the Paper : Hindi Bhasha : Sampreshan Aur Sanchar (A) (AEC)

Name of the Course : **Common Prog. Group**

Semester : I

Duration : 2 Hours Maximum Marks : 60

**छात्रों के लिए निर्देश**

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।
2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. 'संप्रेषण मानव जीवन में सतत और निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है।' इस कथन पर अपने विचार व्यक्त कीजिए। (12)

अथवा

संप्रेषण प्रक्रिया का उल्लेख करते हुए उसके बाधक तत्वों पर प्रकाश डालिए।

2. संप्रेषण के विभिन्न माध्यमों का सविस्तार वर्णन कीजिए। (12)

P.T.O.

अथवा

संचार के विभिन्न प्रकारों को सोदाहरण समझाइए।

3. अभाषिक संप्रेषण की विशेषताएँ बताते हुए संप्रेषण में उसकी भूमिका को स्पष्ट कीजिए। (12)

अथवा

दिल्ली के कूड़ा निस्तारण योजना अभियान पर एक सर्वेषण रिपोर्ट तैयार कीजिए।

4. डायरी लेखन का आशय और उसकी विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। अपने जीवन की किसी महत्त्वपूर्ण घटना का डायरी लेखन के अंश के तौर पर उल्लेख कीजिए। (12)

अथवा

ब्लॉग लेखन किसे कहते हैं? सामाजिक और व्यावसायिक जीवन में इससे होने वाले फायदे का उल्लेख कीजिए।

5. किन्हीं दो विषयों पर टिप्पणी लिखिए: (6+6)

(क) भ्रामक संप्रेषण

(ख) फीड बैक

(ग) संवाद लेखन

(घ) संपादकीय से अभिप्राय

(10,000)

[This question paper contains 4 printed pages.]

**Your Roll No.....**

**Sr. No. of Question Paper : 3371** **D**

Unique Paper Code : 2055201001

Name of the Paper : Hindi Bhasha or Sahitya (A) GE

Name of the Course : **B.A. (Prog) Hindi**

Semester : I

Duration : 3 Hours Maximum Marks : 90

**छात्रों के लिए निर्देश**

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।
2. **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : (8+8+8=24)

(क) ऐसे कछु अनुभौ कहत न आवै। साहिब मिले तो को बिलगावै ।।टेक।।

सब में हरि है हरि में सब है, हरि अपनों जिन जाना।

साखी नहीं और कोई दूसर, जाननहार सयाना ।।1।।

बाजीगर सो रचि रहा, बाजी का मरम न जाना।

बाजी झूठ सांच बाजीगर, जाना मन पतियाना ।।2।।

P.T.O.

अथवा

साजि चतुरंग-सैन अंग मैं उमंग धारि सरजा सिवाजी जंग जीतन चलत है।

भूषन भनत नाद-बिहद नगारन के नदीनद मद गैबरन के रलत है।

ऐलफैल खैलभैल खलक में गैलगैल गजन की ठैलपैल सैल उसलत है।

तारा सो तरनि धूरिधारा में लगत जिमि थारा पर पारा पारावार यों हलत है ।।4।।

(ख) कैसा पागलपन है, मैं बेटी को भी कहता हूँ बेटा,
कड़ुवे मीठे स्वाद विश्व के स्वागत कर, सहता हूँ बेटा,
तुझे विदाकर एकाकी अपमानित-सा रहता हूँ बेटा,
दो आँसू आ गये, समझता हूँ उनमें बहता हूँ बेटा

अथवा

हिमाद्रि तुंग श्रृंग से प्रबुद्ध शुद्ध भारती
स्वयं प्रभा समुज्जवला स्वतंत्रता पुकारती-
अमर्त्य वीरपुत्र हो दृढ़-प्रतिज्ञ सोच लो,
प्रशस्त पुण्य पंथ है- बढ़े चलो-बढ़े चलो!



(ग) मेरी भवबाधा हरौ, राधा नागरि सोय।
जा तन की झाँई परे स्याम हरित दुति होय।।
फिरि फिरि चितु उत हीं रहतु, टूटी लाज की लाव।
अंग-अंग-छवि-झर में भयौ भौंर की नाव।।

अथवा

अमल धवलगिरि के शिखरों पर
बादल को घिरते देखा है
छोटे-छोटे मोती जैसे
उसके शीतल तुहिन कणों को
मानसरोवर के उन स्वर्णिम
कमलों पर गिरते देखा है
बादल को घिरते देखा है।।

2. हिन्दी भाषा की विकास-यात्रा पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालिए। (12)

अथवा

राज-भाषा और राष्ट्र-भाषा का अंतर स्पष्ट कीजिए।।

3. रीतिकालीन कविता की सामान्य प्रवृत्तियों का परिचय दीजिए। (12)

अथवा

भारतेंदु युगीन कविता की विशेषताएं बताइए।

4. 'बिहारी की कविता में श्रृंगार और भक्ति दोनों का सुंदर समन्वय है' पाठ्यक्रम आधारित दोहों के आधार पर स्पष्ट कीजिए। (12)

अथवा

भूषण का साहित्यिक परिचय दीजिए।

5. जयशंकर प्रसाद के गीतों में देश-भक्ति प्रमुख भाव है, 'हिमाद्रि तुंग श्रृंग से.....' के आधार पर तर्क सहित उत्तर दीजिए। (12)

अथवा

नागार्जुन कृत 'बादल को घिरते देखा है' कविता का सार अपने शब्दों में लिखिए।

6. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन पर टिप्पणी लिखिए: (6+6+6=18)

(क) संपर्क भाषा के रुप में हिन्दी

(ख) भक्तिकाल

(ग) छायावाद

(घ) प्रयोगवाद

(ङ) समकालीन कविता

(5)

[This question paper contains 4 printed pages.]

**Your Roll No...............**

**Sr. No. of Question Paper : 3372** D

Unique Paper Code : 2055201002

Name of the Paper : Hindi Bhasha aur Sahitya : B (GE)

Name of the Course : **B.A. (Prog.) Hindi**

Semester : I

Duration : 3 Hours Maximum Marks : 90

<u>छात्रों के लिए निर्देश</u>

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।

2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. सप्रसंग व्याख्या कीजिये: (8×3=24)

(क) गुरु गोविन्द तौ एक है, दूजा यहु आकार ।

आपा भेंट जीवत मरै, तौ पावै करतार ॥

P.T.O.

अथवा

चरन कमल रज कहुँ सब कहई। मानुष करनि मूरि कछु अहई।

छुअत सिला भइ नारि सुहाई। पाहन तें न काठ कठिनाई।।

(ख) किस गौरव के तुम योग्य नहीं

कब कौन तुम्हें सुख भोग्य नहीं

जन हो तुम भी जगदीश्वर के

सब है जिसके अपने घर के

फिर दुर्लभ क्या उसके जन को

नर हो, न निराश करो मन को

अथवा

मानव मन को भर देती है दिव्य दीप्ति से

छिप के नदी सी नदिया के पानी पीता

निर्मल नभ अवनी के ऊपर विस्तृत पथ है

काल काग की तरह ठूंठ पर गुमसुम बैठा

(ग) प्रभु ईसा की क्षमाशीलता

नबी मुहम्मद का विश्वास।

जीव दया जिनवर गौतम की,

आओ देखो इसके पास।



अथवा

एक क्षण के बाद वह काँपी सुघर,

ढुलक माथे से गिरे सीकर,

लीन होते कर्म में फिर ज्यों कहा

''मैं तोड़ती पत्थर''

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये (12×4=48)

(क) हिंदी के उद्भव पर विचार कीजिये।

अथवा

भक्तिकाल का सामान्य परिचय दीजिये।

(ख) कबीर के दोहों के आधार पर गुरु का महत्व स्पष्ट कीजिये।

अथवा

तुलसीदास की भक्ति भावना पर विचार कीजिए।

(ग) 'नर हो, न निराश करो मन को' का प्रतिपाद्य लिखिए।

अथवा

'धूप' कविता के आधार पर केदारनाथ अग्रवाल की प्रकृति-चेतना को स्पष्ट कीजिये।

(घ) 'बालिका का परिचय' कविता में कवि हृदय की अभिव्यक्ति है इस कथन पर विचार कीजिए।

अथवा

'वह तोड़ती पत्थर' कविता में चित्रित श्रमिक जीवन के संघर्ष का वर्णन कीजिए।

3. निम्नलिखित विषय पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए (कोई 3) (6×3=18)

(क) हिंदी की बोलियाँ

(ख) सगुण काव्यधारा

(ग) निराला की श्रमिक चेतना

(घ) मैथिलीशरण गुप्त की कविता में ओज

(ङ) 'कोबट प्रसंग' की मानवता

(च) प्रगतिवाद

[This question paper contains 4 printed pages.]

**Your Roll No.....**

**Sr. No. of Question Paper : 3373** **D**

Unique Paper Code : 2055201003

Name of the Paper : Hindi Bhasha Aur Sahitya (C) GE

Name of the Course : **B.A. (Prog) Hindi**

Semester : I

Duration : 3 Hours Maximum Marks : 90

**छात्रों के लिए निर्देश**

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।
2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. सप्रसंग व्याख्या कीजिए : (3×8=24)

(क) संसै खाया सकल जुग, संसा किनहुं न खद्ध।
जे बेधे गुर अखिरां, तिनि संसा चुणि चुणि खद्ध॥

चेतनि चौकी बैसि करि, सतगुर दीन्हाँ धीर।
निरभै होइ निसंक भजि, केवल कहै कबीर॥

P.T.O.

अथवा

मैया मैं नहिं माखन खायौ।
ख्याल परै ये सखा सबै मिलि मेरैं मुख लपटायौ ।।
देखि तुही सींके पर भाजन, ऊंचे धरि लटकायौ।
हौं जु कहत नान्हे कर अपने मैं कैसें करि पायौ ।।
मुख दधि पोंछि, बुद्धि एक किन्ही, दोना पीठि दुरायौ।
डरि साटि, मुसुकाइ जसोदा, स्यामहि कंठ लगायौ ।।
बाल-बिनोद-मोद मन मोह्यो, भक्ति-प्रताप दिखायौ।
सूरदास जसुमति कौ यह सुख, सिव बिरंचि नहिं पायौ ।।

(ख) कनक कनक ते सौगुनो मादकता अधिकाय,
वा खाये बौरात है या पाएँ बौराय।

कहत नटत रीझत खिझत मिलत खिलत लजियात।
भरे भौन में करत हैं नैननि ही सों बात ।।

अथवा

रावरे रूप की रीति अनूप नयो नयो लागत ज्यौं ज्यौं निहारियै।
त्यौं इन आखिन बानि अनोखी अघानि कहूं नहिं आन तिहारियै।
एक ही जीव हुतौ सु तौ वारयौ सुजान सकोच औ सोच सहारियै।
रोकी रहै न दहै घनआनंद बावरी रीझ के हाथनि हारियै ।।



(ग) मैंने छुटपन में छिपकर पैसे बोये थे
सोचा था पैसों के प्यारे पेड़ उगेंगे,
रुपयों की कलदार मधुर फसल खनकेंगी,
और फूल फलकर मैं मोटा सेठ बनूंगा।
पर बन्जर धरती में एक न अंकुर फूटा,
बन्ध्या मिट्टी ने न एक भी पैसा उगला !
सपने जाने कहाँ मिटे, सब धूल हो गये !

अथवा

नदी बनने की प्रतीक्षा में, कहीं नीचे
शुष्क नाले में नाचला एक अंजुरी जल,
सभी, बन रहा है कहीं जो विश्वास
जो संकल्प हममें
बसी उसी के ही सहारे हैं।
लीक पर वो चलें जिनके
चरण दुर्बल और हारे हैं।

2. हिन्दी भाषा के भौगोलिक विस्तार को बतलाएं। (12)

अथवा

छायावाद युगीन कविता की प्रवृत्तियों को स्पष्ट कीजिए।

3. कबीर की भक्ति भावना को स्पष्ट करें। (12)

अथवा

कृष्णभक्ति काव्य में सूरदास के महत्व को बताएँ।

4. बिहारी की कविता में शृंगार-भावना को स्पष्ट करें। (12)

अथवा

रीतिकालीन कविता में घनानन्द के महत्व को रेखांकित कीजिए।

5. सुमित्रानंदन पंत की कविताओं के मर्म को स्पष्ट कीजिए। (12)

अथवा

सर्वेश्वर दयाल सक्सेना की कविताओं की प्रासंगिकता बताएँ।

6. किन्हीं **तीन** पर टिप्पणी लिखिए : (3×6=18)

(क) वीरगाथा काल

(ख) सूरदास का वात्सल्य - वर्णन

(ग) रीतिमुक्त काव्य और घनानन्द

(घ) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना का भावबोध

[This question paper contains 2 printed pages.]

Your Roll No.....

Sr. No. of Question Paper : 3109 **D**

Unique Paper Code : 2052201101

Name of the Paper : Hindi Bhasha Aur Sahitya ka Itihas (DSC-1)

Name of the Course : **B.A. (Prog) Hindi**

Semester : I

Duration : 3 Hours Maximum Marks : 90

छात्रों के लिए निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।
2. **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. हिंदी भाषा के उद्भव और विकास का विस्तृत विवरण दीजिए। (15)

अथवा

हिंदी साहित्य के आदिकाल की प्रमुख प्रवृत्तियों का विश्लेषण कीजिए।

2. कृष्ण भक्ति काव्य धारा की प्रमुख प्रवृत्तियों का उदाहरण सहित परिचय दीजिए। (15)

P.T.O.

अथवा

भक्ति आंदोलन के अखिल भारतीय स्वरूप का वर्णन कीजिए।

3. रीतिकाल के नामकरण संबंधी विभिन्न मतों की समीक्षा कीजिए। (15)

अथवा

रीतिमुक्त काव्य की प्रमुख प्रवृतियों का विश्लेषण कीजिए।

4. भारतेंदु युगीन काव्य की प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए। (15)

अथवा

नाटकों के विकास में प्रसादोत्तर नाटकों की भूमिका का विश्लेषण कीजिए।

5. किन्हीं तीन पर टिप्पणी लिखिए : (10×3=30)

(i) ब्रजभाषा

(ii) राम काव्य

(iii) संत काव्य

(iv) हिंदी गद्य का उद्भव

(v) आधुनिक बोध

[This question paper contains 2 printed pages.]

**Your Roll No.....**

**Sr. No. of Question Paper : 3095** **D**

Unique Paper Code : 2052201101

Name of the Paper : Hindi Bhasha Aur Sahitya ka Itihas (DSC - 1)

Name of the Course : **B.A. (Prog) Hindi**

Semester : I

Duration : 3 Hours Maximum Marks : 90

छात्रों के लिए निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।
2. **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. पश्चिमी हिंदी की बोलियों का उदाहरण सहित सामान्य परिचय दीजिए। (15)

अथवा

आदिकाल का नामकरण और काल विभाजन किस आधार पर किया गया है? विवेचन कीजिए।

P.T.O.

2. निर्गुण भक्ति काव्यधारा की विशेषताएँ लिखिए। (15

अथवा

राम काव्यधारा की प्रमुख प्रवृतियों का सोदाहरण परिचय दीजिए।

3. रीतिबद्ध काव्य धारा की प्रमुख प्रवृत्तियों का विवेचन कीजिए। (15

अथवा

रीतिमुक्त काव्य रीतिसिद्ध काव्य से किस प्रकार भिन्न है? स्पष्ट कीजिए

4. नयी कविता की काव्य प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए। (15

अथवा

प्रेमचन्द युगीन उपन्यासों का विश्लेषण कीजिए।

5. किन्हीं **तीन** पर टिप्पणी लिखिए : (10×3=30)

(i) आदिकालीन हिंदी

(ii) कृष्ण काव्य

(iii) रीतिकाल का नामकरण

(iv) भारतेन्दु युगीन निबंध

(v) प्रगतिवादी काव्य की विशेषताएँ

22/2

[This question paper contains 4 printed pages.]

**Your Roll No.....**

**Sr. No. of Question Paper : 3368** **D**

Unique Paper Code : 2055091001

Name of the Paper : Hindi Bhasha aur Sahitya ka Udbhav Aur Vikas (A) (GE)

Name of the Course : **B.Com. (Prog.)**

Semester : I

Duration : 3 Hours Maximum Marks : 90

छात्रों के लिए निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।
2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** पर टिप्पणी लिखिए। (10,10)

(क) हिन्दी भाषा का विकास

(ख) ब्रजभाषा का क्षेत्र

P.T.O.

(ग) पूर्वी हिन्दी की प्रमुख बोलियाँ

(घ) पश्चिमी हिन्दी

2. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** पर टिप्पणी लिखिए। (10,10)

(क) आदिकाल

(ख) सगुण भक्तिधारा

(ग) द्विवेदी-युग

(घ) छायावाद

3. कबीर काव्य में व्यक्त सामाजिक चेतना पर प्रकाश डालिए। (15)

अथवा

बिहारी के काव्य- सौंदर्य का विश्लेषण कीजिए।

4. आधुनिक कविता में मैथिलीशरण गुप्त के योगदान का आकलन कीजिए। (15)

अथवा



"अकाल और उसके बाद" कविता की मूल संवेदना लिखिए।

5. निम्नलिखित काव्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए- (10,10)

(क) पाछै लागा जाइ था, लोक वेद के साथि।
आगैं थैं सतगुर मिल्या, दीपक दीया हाथि।।

अथवा

तनक हरि चितवां म्हारी ओर ।
हम चितवां थें चितवो णा हरि, हिवड़ो बड़ो कठोर ।
म्हारी आसा चितवणि थारी, और णा दूजा ठोर ।

(ख) उन पूर्वजों की कीर्ति का वर्णन अतीत अपार है,
गाते नहीं उनके हमीं गुण गा रहा संसार है।
वे धर्म पर करते निछावर तृण-समान शरीर थे,
उनसे वही गम्भीर थे, वर वीर थे, ध्रुव धीर थे।

अथवा

असंख्य कीर्ति - रश्मियाँ विकीर्ण दिव्य दाह-सी ।
सपूत मातृभूमि के - रुको न शूर साहसी !

P.T.O.

अराति सैन्य सिंधु में, सुबाडवाग्नि से जलो !

प्रवीर हो जयी बनो - बढ़े चलो, बढ़े चलो !

15 88

[This question paper contains 4 printed pages.]

Your Roll No.....

Sr. No. of Question Paper : 3369 D

Unique Paper Code : 2055091002

Name of the Paper : Hindi Bhasha Aur Sahitya Ka Udbhav aur Vikas (B) (GE)

Name of the Course : B.Com. (Prog.)

Semester : I

Duration : 3 Hours Maximum Marks : 90

छात्रों के लिए निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।
2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1 (क) हिन्दी के उद्भव और विकास का वर्णन कीजिए। (12)

अथवा

पूर्वी हिन्दी की बोलियों का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(ख) आदिकाल की प्रमुख विशेषताएं बताइए। (12)

P.T.O.

अथवा

भारतेन्दु युग की प्रमुख प्रवृत्तियों का वर्णन कीजिए।

2. कबीर के राम के स्वरूप पर प्रकाश डालिए।

अथवा

रामचरितमानस के 'केवट प्रसंग' के भाव सौंदर्य का वर्णन कीजिए। (12)

3. बिहारी की प्रेम भावना की विवेचना कीजिए।

अथवा

'भूषण ओज रस के कवि हैं' कथन की विवेचना कीजिए। (12)

4. जयशंकर प्रसाद की राष्ट्रीय प्रेम भावना पर प्रकाश डालिए।

अथवा

हरिवंश राय बच्चन की काव्यगत विशेषताओं की चर्चा कीजिए। (12)

5. सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(क) पोथी पढ़ि-पढ़ि जग मुआ, पंडित भया न कोय।
ढाई आखर प्रेम का, पढ़े सो पंडित होय।।



अथवा

छुअत सिला भइ नारि सुहाई। पाहन तें न काठ कठिनाई।।
तरनिउ मुनि घरिनी होइ जाई। बाट परइ मोरि नाव उड़ाई।।
एहिं प्रतिपालऊँ सबु परिवारू। नहिं जानऊँ कछु अउर कबारू।।
जो प्रभु पार अवसि गा चहहू। मोहि पद पदुम पखारन कहहू।। (10)

(ख) बतरस लालच लाल की, मुरली धरी लुकाइ।
सौंह करे, भौंहनु हँसै, दैन कहै नटि जाइ।।

अथवा

दावा द्रुमदंड पर, चीता मृगझुंड पर,
भूषण बितुंड पर जैसे मृगराज है।।
तेज तम अंस पर, कान्ह जिमि कंस पर,
त्यों मलेच्छ बंस पर सेर सिवराज है।। (10)

(ग) अरुण यह मधुमय देश हमारा।
जहाँ पहुँच अनजान क्षितिज को मिलता एक सहारा।।
सरल तामरस गर्भ विभा पर, नाच रही तरुशिखा मनोहर।
छिटका जीवन हरियाली पर, मंगल कुमकुम सारा।।

P.T.O.

अथवा

वृक्ष हो भले खड़े,
हों घने हों बड़े,
एक पत्र छाह भी
माँग मत, माँग मत, माँग मत,
अग्निपथ अग्निपथ अग्निपथ। (10)

[This question paper contains 4 printed pages.]

**Your Roll No.....**

**Sr. No. of Question Paper : 3370** **D**

Unique Paper Code : 2055091003

Name of the Paper : हिंदी भाषा और साहित्य का उद्भव और विकास (GE) – C

Name of the Course : **B.Com. (Programme)**

Semester : I

Duration : 3 Hours Maximum Marks : 90

**छात्रों के लिए निर्देश**

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।
2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिये :- (12×12=24)

   (i) हिन्दी के स्वरूप पर विचार कीजिए।

   (ii) अवधी बोली की विशेषताएँ लिखिए।

P.T.O.

(iii) हिन्दी साहित्येतिहास के आदिकाल की सामान्य विशेषताएँ बताइए।

(iv) भारतेन्दुयुगीन साहित्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

2. कबीरदास **अथवा** सूरदास का साहित्यिक परिचय लिखिए। (12)

3. "बिहारी गागर में सागर भरने वाले कवि हैं"। इस कथन की पुष्टि कीजिए। (12)

**अथवा**

घनानंद के काव्य सौन्दर्य पर विचार कीजिए।

4. 'पुष्प की अभिलाषा' कविता का प्रतिपादय लिखिए। (12)

**अथवा**

"रोटी और संसद" कविता का मूल्यांकन कीजिए।

5. सप्रसंग व्याख्या कीजिए :- (10×3=30)

(क) गुरु गोविन्द दोऊ खड़े, काके लागू पांय।
बलिहारी गुरु आपने जिन गोविंद दियों बताय ।।
माला फेरत जुग भया, फिरा न मन का फेर।
कर का मनका डार दे, मन का मनका फेर ।।



**अथवा**

मैया! मैं नहिं माखन खायो
जानि परे ये सखा सबै मिलि मेरों मुख लपटायो।
देखि तुही छींकें पर भाजन ऊँचे धरि लटकायों।
हों जु कहत नान्हें कर अपने मैं कैसे करिपायो।
मुख दधि पोंछि बुद्धि इक कीन्हीं दोना पीठि दुरायो।
डारि साटि मुसुकाई जशोदा स्यामहि कंठ लगायो।
बाल बिनोद मोद मन मोह्यो भक्ति प्रताप दिखायो।
सूरदास जसुमति को यह सुख सिव बिरंचि नहिं पायो।

(ख) मेरी भव-बाधा हरौ, राधा नागरि सोइ
जा तन की झाँई परे, स्यामु हरित दुति होई ।।
कनक कनक ते सौ गुनी, मादकता अधिकाय
या खाए बौराए जग, वा पाए बौराय ।।

**अथवा**

अति सूधो सनेह को मारग है जहाँ नेकु सयानप बाँक नहीं।
तहाँ साँचे चलें तजि आपुनपौ, झझकैं कपटी जे निसांक नहीं ।।
घनआनंद प्यारे सुजान सुनौ, यहाँ एक ते दूसरो आँक नहीं।
तुम कौन धौ पाटी पढ़े हो लला, मन लेहु पै देहु छटाँक नहीं ।।

(ग) चाह नहीं मैं सुरबाला के, गहनों में गूंथा जाऊँ।
चाह नहीं प्रेमी-माला में बिंध, प्यारी को ललचाऊँ।
चाह नहीं सम्राटों के शव पर, हे हरि डाला जाऊँ।
चाह नहीं देवों के सिर पर चढ़ूँ भाग्य पर इठलाऊँ।
मुझे तोड़ लेना बनमाली, उस पथ पर देना तुम फेंक।
मातृभूमि पर शीश चढ़ाने, जिस पथ जावें वीर अनेक

अथवा

एक आदमी रोटी बेलता है
एक आदमी रोटी खाता है
एक तीसरा आदमी भी है
जो न रोटी बेलता है, न रोटी खाता है
वह सिर्फ रोटी से खेलता है
मैं पूछता हूँ -
यह तीसरा आदमी कौन है?
मेरे देश की संसद मौन है।

[This question paper contains 2 printed pages.]

**Your Roll No.....**

**Sr. No. of Question Paper : 3207** **D**

Unique Paper Code : 2051001001

Name of the Paper : Hindi Bhasha : Sampreshan Aur Sanchar (A) (AEC)

Name of the Course : **Common Prog. Group**

Semester : I

Duration : 2 Hours Maximum Marks : 60

छात्रों के लिए निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।
2. **सभी प्रश्न** अनिवार्य हैं।

1. संप्रेषण की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए इसकी अनिवार्यता पर प्रकाश डालिए। (12)

अथवा

संप्रेषण की प्रक्रिया बताते हुए इसमें कोडिंग और डिकोडिंग की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

P.T.O.

2. संप्रेषण और संचार अभिन्न है इस कथन की तर्कसंगत विवेचना कीजिए। (12)

अथवा

लिखित और मौखिक संप्रेषण का अन्तर स्पष्ट करते हुए संप्रेषण के विविध आयामों की चर्चा कीजिए।

3. संप्रेषण के विविध प्रकारों का विस्तृत विवेचन कीजिए। (12)

अथवा

सर्वेक्षण आधारित रिपोर्ट भविष्य की संभावनाओं के चिंतन में ही नहीं अपितु उन संभावनाओं के क्रियान्वयन में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस कथन की समीक्षा कीजिए।

4. ब्लॉग लेखन की उपयोगिता बताते हुए जल संकट विषय पर एक संक्षिप्त ब्लॉग पोस्ट तैयार कीजिए। (12)

अथवा

एक अच्छे संपादकीय का महत्व बताते हुए एक अच्छे संपादक के गुणों का विवेचन कीजिए।

5. किन्हीं दो पर टिप्पणी लिखिए :- (6+6)

(क) डायरी लेखन

(ख) अग्रभागी संप्रेषण

(ग) अनुच्छेद लेखन

(घ) संचार : प्रक्रिया

**(1000)**

[This question paper contains 2 printed pages.]

Your Roll No.....

D

Sr. No. of Question Paper : 3333

Unique Paper Code : 2054001003

Name of the Paper : Hindi Cinema Aur Uska Adhyyan (GE)

Name of the Course : **B.A. (Hons.) Hindi**

Semester : 1

Duration : 3 Hours Maximum Marks : 90

छात्रों के लिए निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।
2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. विभिन्न जनमाध्यमों का परिचय देते हुए सिनेमा के महत्त्व पर प्रकाश डालिए। (18)

अथवा

हिंदी सिनेमा के इतिहास का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

2. हिंदी सिनेमा के राष्ट्रीय बाजार निर्माण में दर्शक वर्ग की भूमिका पर प्रकाश डालिए। (18)

अथवा

P.T.O.

हिंदी सिनेमा को भूमंडलीकरण और स्थानीयता ने किन अर्थों में कितना प्रभावित किया है? अपने विचार प्रकट कीजिए।

3. कथावस्तु और पटकथा में अंतर स्पष्ट करते हुए पटकथा के महत्त्व पर प्रकाश डालिए। (18)

अथवा

फिल्मों के सामाजिक-राजनीतिक बहिष्कार और सेंसर बोर्ड की भूमिका पर अपने विचार लिखिए।

4. भारत में जातिव्यवस्था के आईने में 'अछूत कन्या' फिल्म की समीक्षा करें। (18)

अथवा

हिंदी फिल्मों में इस्तेमाल किए गए आइटम गीतों की भाषा और संगीत की समीक्षा कीजिए।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों पर टिप्पणी लिखिए: (6+6+6=18)

(i) क्षेत्रीय सिनेमा का सामान्य परिचय।

(ii) सिनेमा में संवादों की भूमिका।

(iii) हिंदी फिल्मों में अभिनय कौशल का महत्त्व।

(iv) हिंदी सिनेमा में तकनीकी प्रयोगों का संक्षिप्त परिचय।

(v) हिंदी व्यावसायिक फिल्मों में 'शोले' का स्थान।

[This question paper contains 2 printed pages.]

Your Roll No.....

**Sr. No. of Question Paper : 3127** **D**

Unique Paper Code : 2052201102

Name of the Paper : Hindi Cinema aur Uska Adhyyan (DSC-2)

Name of the Course : **B.A. (Prog.) Hindi**

Semester : I

Duration : 3 Hours Maximum Marks : 90

छात्रों के लिए निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।
2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. हिंदी सिनेमा के प्रमुख सैद्धांतिक आधारों का विवेचन कीजिए। (18)

अथवा

'फिल्में अपने समय और समाज का जीवंत दस्तावेज होती हैं इस कथन के आलोक में हिंदी सिनेमा पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

2. हिंदी सिनेमा के उद्भव और विकास के प्रमुख बिंदुओं पर विचार कीजिए। (18)

P.T.O.

अथवा

हिंदी सिनेमा के इतिहास का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

3. सिनेमा में कैमरे की भूमिका पर प्रकाश डालिए। (18)

अथवा

कैमरे की तकनीकी खूबियों और खामियों को रेखांकित कीजिए।

4. हिंदी सिनेमा में नई तकनीक की संभावनाओं और चुनौतियों पर प्रकाश डालिए। (18)

अथवा

'पीके' फिल्म की समीक्षा कीजिए।

5. किन्हीं दो पर टिप्पणी लिखिए : (9,9)

(क) साहित्य और सिनेमा का संबंध

(ख) साठ के दशक का हिंदी सिनेमा

(ग) कैमरा शॉट्स के विविध आयाम

(घ) 'मुगल-ए-आज़म' और नई तकनीक

[This question paper contains 4 printed pages.]

**Your Roll No.....**

**Sr. No. of Question Paper : 3067** **D**

Unique Paper Code : 2052101103

Name of the Paper : Hindi Kahani (DSC-3)

Name of the Course : **B.A. (Hons.) Hindi**

Semester : I

Duration : 3 Hours Maximum Marks : 90

छात्रों के लिए निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।
2. सभी प्रश्न अनिवार्य है।

1. निम्नलिखित में से किन्हीं दो की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : (10 + 10 = 20)

(क) चार दिन तक पलक नहीं झँपी। बिना फेरे घोड़ा बिगड़ता है और बिना जड़े सिपाही। मुझे तो संगीन चढ़ाकर मार्च का हुक्म मिल जाय। फिर सात जर्मनों को अकेला मार कर न लौटूँ, तो मुझे दरबार साहब की देहली पर मत्था टेकना नसीब न हो। पाजी कहीं के, कलों के घोड़े-संगीन देखते ही मुँह फाड़ देते हैं, और

P.T.O.

पैर पकड़ने लगते हैं। यों अंधेरे में तीस-तीस मन का गोला फेंकते हैं। उस दिन धावा किया था- चार मील तक एक जर्मन नहीं छोड़ा था। पीछे जनरल ने हट जाने का कमान दिया, नहीं तो..।

(ख) आसिन-कातिक के भोर में छा जानेवाले कुहासे से हिरामन को पुरानी चिढ़ है। बहुत बार वह सड़क भूलकर भटक चुका है। किन्तु आज के भोर के इस घने कुहासे में भी वह मगन है। नदी के किनारे धान-खेतों से फूले हुए धान के पौधों की पवनिया गंध आती है। पर्वपावन के दिन गाँव में ऐसी ही सुगंध फैली रहती है। उसकी गाड़ी में फिर चंपा का फूल खिला। उस फूल में एक परी बैठी है।.. जै भगवती!

(ग) गजाधर बाबू बैठकर चाय और नाश्ते का इंतजार करते रहे। उन्हें अचानक ही गनेशी की याद आ गई। रोज सुबह, पैसेंजर आने से पहले वह गरम-गरम पूरियाँ और जलेबी बनाता था। गजाधर बाबू जब तक उठकर तैयार होते, उनके लिए जलेबियाँ और चाय ला कर रख देता था। चाय भी कितनी बढ़िया, काँच के गिलास में ऊपर तक भरी लबालब, पूरे डाई चम्मच चीनी और गाढ़ी मलाई। पैसेंजर भले ही रानीपुर लेट पहुँचे, गनेशी ने चाय पहुंचाने में कभी देर नहीं की। क्या मजाल कि कभी उससे कुछ कहना पड़े।



(घ) सारा घर मक्खियों से भनभन कर रहा था। आँगन की अलगनी पर एक गंदी साड़ी टँगी थी, जिसमें पैबंद लगे हुए थे। दोनों बड़े लड़कों का कहीं पता नहीं था। बाहर की कोठरी में मुंशीजी औंधे मुँह होकर निश्चिंतता के साथ सो रहे थे, जैसे डेढ़ महीने पूर्व मकान-किराया-नियंत्रण विभाग की क्लर्की से उनकी छंटनी न हुई हो और शाम को उनको काम की तलाश में कहीं जाना न हो।

2. 'उसने कहा था' कहानी की मूल संवेदना लिखिए। (17)

अथवा

तत्त्वों के आधार पर 'तीसरी कसम' कहानी का विश्लेषण कीजिए।

3. 'वारिस' कहानी का सार लिखिए। (17)

अथवा

'दोपहर का भोजन' कहानी के कथ्य को उद्घाटित कीजिए।

4. 'तीसरी कसम' कहानी में निहित प्रेम के स्वरूप को स्पष्ट कीजिए। (16)

अथवा

पारिवारिक मूल्यों के विघटन के रूप में 'वापसी' कहानी की समीक्षा कीजिए।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर टिप्पणी लिखिए : (10 + 10 = 20)

(क) 'घुसपैठिए' कहानी का मूल भाव।

(ख) हिरामन का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ग) सिद्धेश्वरी का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(घ) 'पंच परमेश्वर' कहानी का शिल्प।

Dec-2022

[This question paper contains 4 printed pages.]

**Your Roll No..............**

Sr. No. of Question Paper : 3012 D

Unique Paper Code : 2052101001

Name of the Paper : Hindi Kavita: Aadikal Evam Nirgunbhakti Kavya

हिंदी कविता : आदिकाल एवं निर्गुण-भक्ति काव्य

Name of the Course : **B.A. (Hons.) Hindi : DSC-1**

Semester : I

Duration : 3 Hours Maximum Marks : 90

छात्रों के लिए निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।
2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3. इस प्रश्न पत्र में दो पृष्ठ हैं।

1. सप्रसंग व्याख्या कीजिए : (9×3=27)

(क) संगहे पान कम्मान राज। उभ्भारे अंग अंतर बिराज॥

आलिंग बुचि उर चांपि अप्प। अद्धंग तेज तामस दप्प॥

कर धरे से धनु आनंद चित्त। बिहुर्यौ नित्यौ चिरकाल मित्त॥

कम्मान राज मिलि तेज ताप। अरिगिलिबिंटि मिलिमनु सहाय॥

P.T.O.

अथवा

देख-देख राधा-रूप अपारा।

अपरुब के बिहि आनि मिलाओल खिति-तल लावनि-सार।

अंगहि अंग अनंग मुरछायत हेरए पड़ए अथीर।

मनमथ कोटि मथन करु जे जन से हेरि महि मधि गीर।

कत-कत लखिमी चरण-तल नेओछए रंगिनि हेरि बिभोरि।

कर अभिलाख मनहि पद-पंकज अहोनिसि कोर अगोरि।

(ख) मूवाँ पीछे जिनि मिलै, कहै कबीरा राम।

पाथर घाटा लोह सब, (तब) पारस कौंणे काम॥

इस तन का दीवा करौं, बाती मेल्यूं जीव।

लोही सींचौं तेल ज्यूं, कब मुख देखौं पीव॥

अथवा

कहा नर गरबसि थोरी बात।

मन दस नाज टका दस गठिया, टेढ़ौ टेढ़ौ जात॥टेक॥

कहा लै आयौ यहु धन कोऊ, कहा कोऊ लै जात॥

दिवस चारि की है पतिसाही, ज्यूं बनि हरियल पात॥

राजा भयौ गांव सौ पाये, टका लाख दस ब्रात॥

रावन होत लंका को छत्रपति, पल मैं गई बिहात॥

माता पिता लोक सुत बनिता, अंत न चले संगात॥

कहै कबीर राम भजि बौरे, जनम अकारथ जात॥



(ग) खेलत मानसरोवर गईं। जाइ पाल पर ठाढ़ी भईं॥

देखि सरोवर हँसैं कुलेली। पदमावति सौं कहहिं सहेली॥

ए रानी! मन देखु बिचारी। एहि नैहर रहना दिन चारी॥

जौ लगि अहै पिता कर राजू। खेलि लेहु जो खेलहु आजू॥

पुनि सासुर हम गवनब काली। कित हम, कित यह सरवर-पाली॥

कित आवन पुनि अपने हाथा। कित मिलि कै खेलब एक साथा॥

सासु ननद बोलिन्ह जिउ लेहीं। दारुन ससुर न निसरै देहीं॥

पिउ पियार सिर ऊपर, पुनि सो करै दहुँ काह।

दहुँ सुख राखै की दुख, दहुँ कस जनम निबाह॥

अथवा

कहा मानसर चाह सो पाई। पारस-रूप इहाँ लगि आई॥

भा निरमल तिन्ह पायँन्ह परसे। पावा रूप रूप के दरसे॥

मलय-समीर बास तन आई। भा सीतल, गै तपनि बुझाई॥

न जनौं कौन पौन लेइ आवा। पुन्य-दसा भै पाप गँवावा॥

ततखन हार बेगि उतिराना। पावा सखिन्ह चंद बिहँसाना॥

बिगसा कुमुद देखि ससि-रेखा। भै तहँ ओप जहाँ जोइ देखा॥

पावा रूप रूप जस चहा। ससि-मुख जनु दरपन होइ रहा॥

नयन जो देखा कवँल भा, निरमल नीर सरीर।

हँसत जो देखा हंस भा, दसन-जोति नग हीर॥ 6

P.T.O.

2. "बानबेरा समय" का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए। (14)

अथवा

"बानबेरा समय" के काव्य-सौन्दर्य की समीक्षा कीजिए।

3. विद्यापति भक्त अथवा शृंगारिक कवि हैं, तर्क सहित उत्तर दीजिये। (14)

अथवा

विद्यापति की काव्य-भाषा पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

4. कबीर का काव्य "आँखिन देखी पर आधारित है, कागद लेखी पर नहीं", इस कथन के आलोक में कबीर-काव्य की समीक्षा कीजिए। (14)

अथवा

कबीर की सामाजिक चेतना पर प्रकाश डालिए।

5. "जायसी प्रेम की पीर के कवि हैं", इस कथन के आधार पर जायसी की प्रेम भावना का विवेचन कीजिए। (14)

अथवा

सूफी काव्य परम्परा में जायसी का स्थान निर्धारित कीजिये।

6. किसी एक विषय पर टिप्पणी लिखिए: (7)

(क) विद्यापति का राधा-रूप वर्णन

(ख) "गुरुदेव को अंग" का प्रतिपाद्य

(ग) "मानसरोदक" खंड का काव्य-सौंदर्य

(5000)

[This question paper contains 2 printed pages.]

**Your Roll No.....**

**Sr. No. of Question Paper : 3259** **A**

Unique Paper Code : 2051001003

Name of the Paper : Social Media Aur Blog Lekhan (C) (AEC)

Name of the Course : **Common Prog. Group**

Semester : I

Duration : 2 Hours Maximum Marks : 60

<u>छात्रों के लिए निर्देश</u>

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।
2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

1. सोशल मीडिया की परिभाषा देते हुए इसके कार्यक्षेत्र पर प्रकाश डालिए। (12)

अथवा

सोशल मीडिया ने किशोरों को किस प्रकार प्रभावित किया है - स्पष्ट कीजिए।

2. 'सोशल नेटवर्किंग साइट की आपत्तिजनक सामग्री नई पीढ़ी को बर्बाद कर रही है' इस विषय पर अपने तर्क लिखिए। (12)

P.T.O.

अथवा

ब्लॉग लेखन का सामान्य परिचय देते हुए समसामयिक ब्लॉग लेखन की विशेषताएँ बताइए।

3. 'सड़क सुरक्षा अभियान' विषय पर सोशल मीडिया के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए। (12)

अथवा

निजी ब्लॉग तैयार करने की प्रक्रिया का सविस्तार वर्णन कीजिए?

4. सोशल मीडिया के दवारा ऑनलाइन रोजगार के बेहतरीन अवसर प्रदान होते हैं।! इस विषय पर आलेख लिखिए। (12)

अथवा

सोशल मीडिया पर चलने वाली धर्म और राजनीति की खबरों पर एक रिपोर्ट तैयार कीजिए।

5. किन्हीं दो विषयों पर टिप्पणी लिखिए : (6+6)

(क) इंस्टाग्राम

(ख) यू ट्यूब के फायदे

(ग) सोशल मीडिया की लत

(घ) सोशल मीडिया में तथ्यों की सच्चाई

[This question paper contains 2 printed pages.]

**Your Roll No.....**

**Sr. No. of Question Paper : 3209** **D**

Unique Paper Code : 2051001003

Name of the Paper : Social Media Aur Blog Lekhan (C) (AEC)

Name of the Course : **Common Prog. Group**

Semester : I

Duration : 2 Hours Maximum Marks : 60

छात्रों के लिए निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।
2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. सोशल मीडिया का अर्थ बताते हुए इसके उपयोग की सार्थकता लिखिए। (12)

अथवा

सोशल मीडिया की परिभाषा देते हुए इसका महत्त्व लिखिए।

2. 'यू-ट्यूब ने आजकल पढ़ाई को आसान कर दिया है, लेकिन इसकी कुछ सीमाएँ हैं।' इस विषय पर अपने विचार लिखिए। (12)

P.T.O.

अथवा

ब्लॉग लेखन क्या है? ब्लॉग एवं ब्लॉगिंग के बारे में जानकारी दीजिए।

3. 'वन बचाओ अभियान' के प्रचार के लिए सोशल मीडिया हेतु एक विज्ञापन तैयार कीजिए। (12)

अथवा

निजी ब्लॉग बनाते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

4. सोशल मीडिया से चुनावी परिणाम पर क्या प्रभाव पड़ा – इस विषय पर एक रिपोर्ट तैयार कीजिए। (12)

अथवा

सोशल मीडिया पर चलने वाले किसी समाचार चैनल पर आलेख तैयार कीजिए।

5. किन्हीं दो विषयों पर टिप्पणी लिखिए : (6+6)

(क) विकिपीडिया

(ख) ट्विटर की उपयोगिता

(ग) ब्लॉग के फायदे

(घ) मेटल हेल्थ और सोशल मीडिया

[This question paper contains 8 printed pages.]

Your Roll No.....

**Sr. No. of Question Paper : 3428** **C**

Unique Paper Code : 62051314

Name of the Paper : आधुनिक भारतीय भाषा - हिन्दी - C (MIL)

Name of the Course : **B.A. (Prog.) Hindi - CBCS**

Semester : III

Duration : 3 Hours Maximum Marks : 75

**छात्रों के लिए निर्देश**

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।
2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. किन्हीं दो गद्य खंडों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : (2×10=20)

P.T.O.

(क) प्रत्येक देश का साहित्य उस देश के मनुष्यों के हृदय का आदर्श रूप है। जो जाति जिस समय जिस भाव से परिपूर्ण या परिप्लुत रहती है वे सब उसके भाव उस समय के साहित्य की समालोचना से अच्छी तरह प्रगट हो सकते हैं। मनुष्य का मन जब शोक-संकुल, क्रोध से उद्दीप्त, या किसी प्रकार की चिंता से दोचित्ता रहता है तब उसकी मुखच्छवि तमसाच्छन्न, उदासीन और मलिन रहती है; उस समय उसके कंठ से जो ध्वनि निकलती है वह भी या तो फुटही ढोल समान बेसुरी, बेताल, बेलय या करुणापूर्ण, गद्गद तथा विकृत-स्वर-संयुक्त होती है। वहीं जब चित्त आनंद की लहरी से उद्वेलित हो नृत्य करता है और सुख की परंपरा में मग्न रहता है उस समय मुख विकसित कमल-सा प्रफुल्लित-नेत्र मानों हँसता-सा, और अंग-अंग चुस्ती और चालाकी से फिरहरी की तरह फरका करते हैं; कंठ-ध्वनि भी तब वसंत-मदमत्त कोकिला के कंठ-रव से भी अधिक मीठी और सोहावनी मन को भाती है। मनुष्य के संबंध में इस अनुल्लंघनीय प्राकृतिक नियम का अनुसरण प्रत्येक देश का साहित्य भी करता है।



(ख) जानवरों में गधा सबसे ज्यादा बुद्धिहीन समझा जाता है। हम जब किसी आदमी को पल्ले दर्ज का बेवकूफ कहना चाहते हैं, तो उसे गधा कहते हैं। गधा सचमुच बेवकूफ है या उसके सीधेपन, उसकी निरापद सहिष्णुता ने उसे यह पदवी दे दी है, इसका निश्चय नहीं किया जा सकता। गायें सींग मारती हैं, ब्याई हुई गाय तो अनायास ही सिंहनी का रूप धारण कर लेती है। कुत्ता भी बहुत गरीब जानवर है, लेकिन कभी-कभी उसे भी क्रोध आ ही जाता है, किन्तु गधे को कभी क्रोध करते नहीं सुना, न देखा। जितना चाहो गरीब को मारो, चाहे जैसी खराब, सड़ी हुई घास सामने डाल दो, उसके चेहरे पर कभी असंतोष की छाया भी नहीं दिखाई देगी। बैसाख में चाहे एकाध बार कुलेल कर लेता है, पर हमने तो उसे कभी खुश होते नहीं देखा। उसके चेहरे पर स्थाई विषाद स्थायी रूप से छाया रहता है। सुख-दुःख, हानि-लाभ किसी भी दशा में उसे बदलते नहीं देखा। ऋषियों-मुनियों के जितने गुण

हैं, वे सभी उसमें पराकाष्ठा को पहुँच गए हैं, पर आदमी उसे बेवकूफ कहता है। सद्‌गुणों का इतना अनादर कहीं नहीं देखा।

(ग) जापानी वीरता की मूर्ति पूजते हैं। इस मूर्ति का दर्शन वे चेरी के फूल की शांत हँसी में करते हैं। क्या ही सच्ची और कौशलमयी पूजा है! वीरता सदा जोर भरा हुआ ही उपदेश नहीं करती। वीरता कभी-कभी हृदय की कोमलता का भी दर्शन कराती है। ऐसी कोमलता देखकर सारी प्रकृति कोमल हो जाती है; ऐसी सुंदरता देखकर लोग मोहित हो जाते हैं। जब कोमलता और सुंदरता के रूप में वह दर्शन देती है तब चेरी-फूल से भी ज्यादा नाजुक और मनोहर होती है। जिस शख्स ने यूरोप को 'क्रूसेड्ज' के लिये हिला दिया वह उन सबसे बड़ा वीर था जो लड़ाई में लड़े थे। इस पुरुष में वीरता ने आँसुओं और चाहों का लिबास लिया। देखो, एक छोटा सा मामूली आदमी यूरोप में जाकर रोता है कि हाय, हमारे तीर्थ



हमारे वास्ते खुले नहीं और यहूद के राजा यूरोप के यात्रियों को दिक करते हैं। इस आँसू-भरी अपील को सुनकर सारा यूरोप उसके साथ रो उठा। यह आला दरजे की वीरता है।

(घ) पृथ्वी के उच्छ्वास के समान उठते हुए धुंधलेपन में वे कच्चे घर आकंठ-मग्न हो गए थे - केवल फूस के मटमैले और खपरैल के कत्थई और काले छप्पर, वर्षा में बढ़ी गंगा के मिट्टी जैसे जल में पुरानी नावों के समान जान पड़ते थे। कछार की बालू में दूर तक फैले तरबूज और खरबूजे के खेत अपने सिर की और फूस के मुठठियों, टट्टियों और रखवाली के लिए बनी पर्णकुटियों के कारण जल में बसे किसी आदिम द्वीप का स्मरण दिलाते थे। उनमें एक-दो दीए जल चुके थे, तब मैंने दूर पर एक छोटा-सा काला धब्बा आगे बढ़ता देखा। वह घीसा ही होगा, यह मैंने दूर से ही जान लिया। आज गुरु साहब को उसे विदा देना है, यह उसका नन्हा हृदय अपनी पूरी संवेदना-शक्ति

से जान रहा था, इसमें संदेह नहीं था। परन्तु उस उपेक्षित बालक के मन में मेरे लिए कितनी सरल ममता और मेरे विछोह की कितनी व्यथा हो सकती है, यह जानना मेरे लिए शेष था।

2. (क) हिन्दी गद्य के विकास में पत्र पत्रिकाओं के योगदान पर प्रकाश डालिए। (12)

अथवा

रेखाचित्र के स्वरूप को स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'दो बैलों की कथा' किसान जीवन की जीवंत प्रस्तुति है, स्पष्ट कीजिए। (12)

अथवा

'गंगा स्नान करने चलोगे' का प्रतिपाद्य लिखिए।



(ग) 'बहादुर' आधुनिक समाज के कटु यथार्थ की मार्मिक अभिव्यक्ति है, तर्क सहित समझाइए। (12)

अथवा

'वापसी' कहानी का सारांश लिखिए।

(घ) 'साहित्य जन समूह के हृदय का विकास है' की प्रासंगिकता पर विचार कीजिए। (12)

अथवा

'गेहूँ बनाम गुलाब' की मुख्य विशेषताओं का दर्शन कीजिए।

3. किसी एक पर टिप्पणी लिखिए : (7)

(क) 'प्रेमचंद' का साहित्यिक योगदान

(ख) हिन्दी स्वातन्त्र्योत्तर नाटक

(ग) कहानी और संस्मरण में अंतर

[This question paper contains 2 printed pages.]

आपका अनुक्रमांक.....

**Sr. No. of Question Paper : 3701** **C**

Unique Paper Code : 12055302

Name of the Paper : Bhasha aur Samaj

Name of the Course : **Hindi (Hons.)**

Semester : III

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 75

छात्रों के लिए निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।

1. भाषा और समाज के अंत: संबंधों को स्पष्ट कीजिए। (12)

अथवा

भाषा व्यवहार मानव संबंधों को किस तरह से अभिव्यक्त करता है। विस्तार से उल्लेख कीजिए।

2. भाषा समुदाय से क्या अभिप्राय है? दिल्ली महानगर के भाषा समुदाय की व्याख्या कीजिए। (12)

P.T.O.

अथवा

'भारत बहु भाषिक राष्ट्र है' - इस आधार पर इसकी बहुभाषिकता की स्थिति को स्पष्ट कीजिए।

3. भाषा और संस्कृति के अंत: संबंध पर प्रकाश डालिए। (12)

अथवा

भाषाई अस्मिता से क्या समझते है? भारतीय समाज के विभिन्न वर्गों की भाषा पर विचार कीजिए?

4. भाषा सर्वेक्षण का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए। (12)

अथवा

भाषा सर्वेक्षण के लिए भाषाई समुदाय तथा क्षेत्र विशेष का चुनाव किस प्रकार होता है स्पष्ट कीजिए।

5. **किन्हीं तीन** पर टिप्पणी कीजिए। (9,9,9)

(क) भाषा व्यवहार

(ख) भाषा और समाज

(ग) भाषा और जाति

(घ) बहुभाषिकता

(च) भाषाई अस्मिता

(छ) भाषा के नवीन प्रयोग

(1000)

[This question paper contains 4 printed pages.]

Your Roll No.....

Sr. No. of Question Paper : 249 C

Unique Paper Code : 52051307

Name of the Paper : Hindi 'A' (Core MIL)

Name of the Course : B.Com. (Prog.)

Semester : III

Duration : 3 Hours Maximum Marks : 75

छात्रों के लिए निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।
2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. हिंदी निबंध यात्रा का संक्षिप्त परिचय दीजिए। (12)

अथवा

उपन्यास के स्वरूप को उसके तत्वों के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

P.T.O.

2 'धूप का एक टुकड़ा' कहानी का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए। (12)

अथवा

'हीली बोन की बतखें' शिल्प की दृष्टि से अत्यंत सशक्त रचना है – इस कथन पर विचार कीजिए।

3. 'करुणा' निबंध का सार अपने शब्दों में लिखिए। (12)

अथवा

